(www.cag.gov.in पर प्रकाशन हेतु)

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन कार्यालय) में सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, संभागीय लेखाकार, लेखापरीक्षक एवं लेखाकार के रिक्त पदों को भरने हेतु संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा - 2021 के माध्यम से चुने गए अभ्यर्थियों के लिए सूचना :-

कुल 1527 अभ्यर्थियों (सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी-335, सहायक लेखा अधिकारी-189, संभागीय लेखाकर-158, लेखापरीक्षक-520 एवं लेखाकार-325) का नामांकन भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन कार्यालय) में सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, संभागीय लेखाकार, लेखापरीक्षक एवं लेखाकार पदों हेतु संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा - 2021 के माध्यम से किया गया है ।

2. सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, संभागीय लेखाकार, लेखापरीक्षक एवं लेखाकार के पदों पर चयनित किए गए अभार्थियों का आवंटन विभिन्न राज्यों में अवस्थित विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में उनके द्वारा भरे गये राज्य प्राथमिकता एवं उनके अंतिम परिणाम में प्राप्त मेधा के आधार पर किया जाता है । साथ ही, जिनके पास वाणिज्य में स्नातक अथवा वांछनीय अहर्ता (सनदी लेखाकार अथवा लागत एवं प्रबंधन लेखाकार अथवा कंपनी सचिव अथवा वाणिज्य निष्णात अथवा व्यवसाय अध्ययन निष्णात अथवा व्ययसाय प्रशासन निष्णात (वित्त) अथवा व्ययसाय अर्थशास्त्र निष्णात), को प्रशासनिक आवश्यकता के आधार पर तथा रिक्तियों की उपलब्धता के अध्यधीन, अधिमानतः वाणिज्यिक स्ट्रीम के लिए आवंटित किया जाएगा ।

3. संबन्धित पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों के राज्यों का आवंटन कम्प्युटर पद्धति के आधार पर होगा । इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत के नियत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) पर उपलब्ध है । इस विभाग में नामित सभी अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि उक्त वेबसाइट पर दी गयी सूचना देखें एवं अपनी व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबन्धित वांछित जानकारी (URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर) भरें । ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ होगी तथा 24 अप्रैल 2023 तक जारी रहेगी ।

4. अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि अपेक्षित ऑनलाइन सूचना भरने से पहले सावधानीपूर्वक सूचना को पढ़ें । विवरण भरने के बाद, अभ्यार्थियों को परामर्श दिया जाती है कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी (एक प्रति), राज्य की प्राथमिकता (एक प्रति) एवं सत्यापन फॉर्म (दो प्रति) संबन्धित वांछित जानकारी की प्रिंट कर लें । उसी हार्ड कॉपी को स्व हस्ताक्षरित करके इस कार्यालय को 8 मई 2023 तक पहुंचना अनिवार्य है ।

5. लिफाफे के ऊपर बायीं तरफ परीक्षा का नाम (CGLE-2021) और पद का नाम (सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी/सहायक लेखा अधिकारी/संभागीय लेखाकार/लेखापरीक्षक/लेखाकार) का उल्लेख करें । व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबन्धित वांछित जानकारी की स्व हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी को "Speed Post" से इस पता पर भेजें:-

श्री नीलेश पाटील
सहायक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (अराज.)-I
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय
9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली - 110124